भारत सरकार

संचार मंत्रालय

दूरसंचार विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 3403

उत्तर देने की तारीख 09 अगस्त, 2023

बीएसएनएल का लाभ या हानि

3403. श्री भर्तृहरि महताब:

क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) के राजस्व, व्यय और लाभ/हानि के आंकड़ों का वर्ष 2017 से वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) वर्ष 2017 से बीएसएनएल के ग्राहक आधार का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या 27 जुलाई, 2022 को मंत्रिमंडल द्वारा 164 लाख करोड़ रुपये के पुनरुद्धार पैकेज को मंजूरी दिए जाने के बाद बीएसएनएल के निवल लाभ अंतर में कोई महत्वपूर्ण सुधार हुआ है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ड.) सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 तक बीएसएनएल को लाभप्रद बनाने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

संचार राज्य मंत्री

(श्री देवुसिंह चौहान)

(क) वित्तीय वर्ष 2017-18 से भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) के लाभ/(हानि) का ब्यौरा नीचे दिया गया है-

(करोड़ रुपये में राशि)

वित्तीय वर्ष (एफवाई)	**कुल राजस्व**	**कुल व्यय**	**प्रचालन लाभ**
2017-18	25,071	33,064	-2,858
2018-19	19,321	34,225	-8,341
2019-20	18,907	34,406	-6,879
2020-21	18,595	26,036	1,177
2021-22	19,052	26,034	944
2022-23	20,699	27,361	1,559

(ख) भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) की रिपोर्टों के अनुसार वर्ष 2017 से बीएसएनएल का वर्ष-वार ग्राहक आधार –

नीचे दी गई तिथि की स्थिति के अनुसार	बीएसएनएल	
	वायरलेस	वायरलाइन
31.03.2017	10,09,89,553	1,36,88,964
31.03.2018	11,16,79,483	1,22,67,391
31.03.2019	11,56,64,576	1,11,67,679
31.03.2020	11,97,80,108	87,27,103
31.03.2021	11,85,29,647	66,49,439
31.03.2022	11,36,88,415	75,09,030
31.03.2023	10,35,80,534	71,05,823

(ग) से (ङ) वित्तीय वर्ष 2022-23 में बीएसएनएल को हुई हानि (1499 करोड़ रुपये की असाधारण मदों से पहले) 6,662 करोड़ रुपये है जिसमें कि वित्तीय वर्ष 2021-22 के बाद 4.5% का सुधार है। इसके अलावा वित्तीय वर्ष 2020-21 से बीएसएनएल का ईबीआईटीडीए सकारात्मक रहा है।

इसके अतिरिक्त सरकार की आत्मनिर्भर पहल के अनुरूप बीएसएनएल ने स्वदेशी रूप से विकसित की गई 4जी/5जी प्रौद्योगिकी का उपयोग करके एक लाख साइटों में सेवाओं का रोलआउट करने के लिए क्रय आदेश जारी किए हैं।

इसके अलावा केंद्रीय मंत्रिमंडल ने दिनांक 07.06.2023 को इक्विटी निवेश के माध्यम से 89,047 करोड़ रुपये के कुल परिव्यय के साथ बीएसएनएल को 4जी/5जी स्पेक्ट्रम के आवंटन को अनुमोदित किया है।

उपर्युक्त उपायों के कार्यान्वयन से बीएसएनएल के वित्तीय वर्ष 2026-27 में निवल लाभ की प्राप्ति के साथ कायापलट की आशा है।

*****